# 16 गाँव

प्रकाश अपने दादा के साथ बस अड्डे पर खड़ा था। दिनेश चाचा और उनका बेटा कृष्ण शहर से आने वाली बस से उतरे। दोनों ने दादा जी को प्रणाम व चरण–स्पर्श किया। प्रकाश ने चाचा जी के पैर छूकर कृष्ण को गले लगाया।

दादा जी ने कहा, "दिनेश, तुम्हारा फोन आया था। कार ले आया हूँ।"



सभी कार में बैठकर गाँव की ओर चल दिए।

प्रकाश ने कृष्ण से पूछा, "चाचा जी शहर में क्या काम करते हैं ?"

कृष्ण ने बताया, "पिता जी वहाँ कपड़े के कारखाने में काम करते हैं। तुम बताओ, ताऊ जी यहाँ गाँव में क्या–क्या करते हैं?"



"हम लोग तो खेती करते हैं। पिता जी खेतों में फसलें तथा साग–सब्ज़ी उगाते हैं" प्रकाश ने बताया।

कृष्ण – क्या यहाँ की भी सड़कें पक्की हैं ?

दादाजी – हाँ, अब यहाँ खड़ंजे और पक्की सड़कें भी हैं।

सभी बातचीत करते हुए घर आ गए। इतने में भौं–भौं की आवाज करता मोती आया। उसने सबको सूँघा, फिर चुपचाप अपनी पूँछ हिलाने लगा। प्रकाश और कृष्ण ने खूब सारी बातें की। सबने बैठकर ताजा मट्ठा पिया।

दूसरे दिन कृष्ण और प्रकाश खेतों की ओर घूमने गए।

कृष्ण ने देखा कि बिजली से चलने वाले पम्प से खेतों की सिंचाई हो रही है। कुछ खाली खेतों में ट्रैक्टर से जुताई चल रही थी।

कृष्ण–प्रकाश! ये पीले–पीले सरसों के फूल कितने सुन्दर लग रहे हैं !

प्रकाश–हाँ, आजकल खेतों में गेहूँ, गन्ना, मटर, चना और अरहर भी हैं।




कहीं–कहीं गोभी भी लगाई गई है।

एक ओर गन्ने की पेराई हो रही थी। दोनों ने मटर की फलियाँ खाईं और गन्ने का ताजा रस पिया।

शाम हो रही थी। सबके साथ गाय और भैंस भी घर को लौट रही थीं।

कृष्ण और प्रकाश भी घर लौट आए।



## अभ्यास



1. बताओ –

क. तुम्हारे गाँव में सड़कें कैसी हैं ?

ख. कृष्ण ने गाँव में खेती करने की कौन–कौन सी मशीनें देखीं?

ग. तुमने खेतों में कौन–कौन सी फसलें देखी हैं ?

2. अपने माता–पिताजी से पूछकर लिखो –

क. रोटी किस–किस अनाज की बनती हैं ?

ख. हरी सब्ज़ियाँ कौन–कौन सी होती हैं ?

ग. खेतों की सिंचाई किन–किन साधनों से होती है?

घ. गुड़ कैसे–कैसे बनता है?

3. उदाहरण के अनुसार खाली स्थान में विलोम शब्द भरो –

क. मैंने सोचा गेंद पास आयेगी लेकिन चली गई दूर।

ख. मैंने सोचा आम पका है लेकिन वह था ..................।

ग. मैं सुबह स्कूल गया लेकिन घर आया तो हो गई ..............।

घ. मैंने सोचा पेड़ मोटा होगा लेकिन वह था ..................।

4. जानो–

काम–कार्य।  बिजली–विद्युत।  फूल–पुष्प।  घर–गृह

*विलोम और समानार्थक शब्दों की जानकारी कराने के लिए बच्चों से प्रश्न 3 और 4 के अनुसार और अभ्यास करवाएँ।*